## आदर्श प्रश्नपत्र

## हिंदी (301) प्राचीन पाठ्यक्रम

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 100**

**टिप्पणी:**

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न है।
(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं।
(iv) प्रश्न संख्या 1 से 17 तथा 32 से 34 बहुविकल्पी प्रश्न है और प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। कुछ प्रश्नों में विकल्प भी दिए गए हैं। आपको केवल एक प्रश्न का उत्तर देना है।
(v) प्रश्न संख्या 18 से 21 तथा 35 एवं 36 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा जिनमें 3 अंक के तीन प्रश्न, 5 अंक का एक प्रश्न, 6 अंक का एक प्रश्न तथा 10 अंक का एक प्रश्न है । इनमें विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
(vi) प्रश्न संख्या 22 से 31 तक तथा 37 एवं 38 विषयनिष्ठ /वर्णात्मक प्रश्न पूछे गए हैं जिसके अंतर्गत लघुत्तरीय प्रश्न – 1 के अंतर्गत 2 अंक के पांच तथा 3 अंक के पांच प्रश्न हैं । दीर्घ उत्तरीय प्रश्न के अंतर्गत 5 अंक का एक प्रश्न तथा 8 अंक का एक प्रश्न शामिल है । जिनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए *गए* निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए ।

### भाग -1

### केंद्रिक

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x17= 17

1. (i) 'परशुराम का उपदेश' किसकी रचना है ?

(क) मुक्तिबोध (ख) दिनकर (ग) महादेवी वर्मा (घ) प्रेमचंद

अथवा

(ii) 'कठपुतली' किसकी रचना है?

(क) दिनकर (ख) राजेन्द्र उपाध्याय (ग) मुक्तिबोध (घ) रहीम

2. (i)'हर एक छाती में आत्मा अधीरा है।' यह किस कविता से उद्धृत है?

(क) कठपुतली (ख) वसंत (ग) फाग (घ) मुझे कदम कदम पर

अथवा

(ii) 'भरत का भ्रातृप्रेम में भरत सबसे अधिक दोषी मानते है-

(क) स्वयं को (ख) कैकेयी को (ग) दशरथ को (घ) स्वयं के भाग्य को

3. रहीम ने अपने दोहे में कपूत की तुलना किससे की है ?
(क) सूर्य (ख) चन्द्रमा (ग) दीपक (घ) बाती

4. महादेवी वर्मा ने अपने जीवन की तुलना किससे की हैं?
(क) ईश्वर से (ख) मनुष्य से (ग) बदली से (घ) धरती से

5 .'कविताएँ मुस्कराकर लाग डांट करती हैं' – यहाँ अलंकार है –

(i) (क) विशेषण विपर्यय (ख) ध्वन्यर्थ व्यंजना (ग) उपमा (घ) मानवीकरण

अथवा

(ii)"सर पर जिसके असिघात, रक्त-चन्दन है' – यहाँ 'रक्त-चंदन में अलंकार है –

(क) उपमा (ख) अतिशयोक्ति (ग) उत्प्रेक्षा (घ) रूपक

6. (i) महादेवी वर्मा की पंक्ति "क्रंदन में आहत विश्व हँसा' में अलंकार है –

(क) विशेषण विपर्यय (ख) रूपक (ग) उत्प्रेक्षा (घ) मानवीकरण

अथवा

(ii) रहीम के बरवै 'बाहिर लैकै दियवा,वारन जाय' में किस रस का विधान है?

(क) ) श्रृंगार रस (ख) वीर रस (ग) करुण रस (घ) वीभत्स रस

7. (i) रहीम के पठित दोहे में 'बारे' शब्द में अलंकार है –

(क) पुनरुक्ति प्रकाश (ख) दृष्टांत (ग) उपमा (घ) श्लेष

अथवा

(ii) 'नव जीवन रूप दृश्य वाले सौ-सौ विषय
रोज़-रोज़ मिलते हैं' - यहाँ अलंकार है –
(क) श्लेष (ख) दृष्टांत (ग) उपमा (घ) पुनरुक्ति प्रकाश

8. 'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' पाठ की विधा है –

(क) रेखाचित्र (ख) निबंध (ग) संपादकीय (घ) संस्मरण

9. हिंदी कविता के काल-विभाजन में शामिल नहीं है -

(क) आदिकाल (ख) मध्यकाल (ग) जैन काल (घ) आधुनिक काल

10. आदिकाल की विशेषता नहीं है –

(क) सिद्ध साहित्य (ख) राम साहित्य (ग) नाथ साहित्य (घ) वीर साहित्य

11. भक्ति-साहित्य की शाखा में शामिल नहीं है –

(क) ज्ञानमार्गी शाखा (ख) प्रेममार्गी शाखा (ग) रीतिमुक्त शाखा (घ) कृष्ण-भक्ति शाखा

12. इनमें से कौन रीतिकाल के कवि नहीं हैं?

(क) परमानंददास (ख) पद्माकर (ग) बिहारी (घ) मतिराम

13. 'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' पाठ के अनुसार वर्तमान पत्रकारिता किसके हाथ में है?

(क) सरकार (ख) बड़े उद्योगपति (ग) पत्रकार (घ) नेता

14. नायक सिंह की मृत्यु के बाद राजगद्दी किसे मिली?

(क) जनार्दन (ख) राम दयाल (ग) लोचन सिंह (घ) देवी सिंह

15. कुमुद बेतवा में छलांग लगा लेती है क्योंकि

(क) वह अपने जीवन से निराश हो गई थी।

(ख) कुंजर सिंह को पति के रूप में पाना उसके लिए संभव नहीं था।

(ग) अलीमर्दान के स्पर्श से अपने को अपवित्र नहीं करना चाहती।

(घ) वह अपने को दुर्गा का अवतार नहीं मानती।

16. (i) आप 'भवदीय' का प्रयोग किस प्रकार के पत्र में करेंगे?

(क) अर्धसरकारी
(ख) सरकारी
(ग) औपचारिक
(घ) अनौपचारिक

अथवा

(ii) निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य कार्यालयी पत्राचार के संबंध में असत्य है।

(क) कार्यालय आदेश का प्रयोग कर्मचारियों को नियमित छुट्टी की मंजूरी देने के लिए किया जाता है।
(ख) कार्यालय आदेश की भाषा में अन्य पुरुष का प्रयोग किया जाता है।
(ग) ज्ञापन का प्रयोग मित्रों को पत्र लिखने में किया जाता है।

(घ) ज्ञापन में संबोधन तथा अधोलेखन नहीं होता।

17. (i) अर्धसरकारी पत्र की विशेषताएं नहीं है।

(क)औपचारिक (ख) प्रिय श्री का संबोधन
(ग) आपका लिखना अंत में (घ) पृष्ठांकन नहीं होना

अथवा

(ii) कार्यालय पत्राचार का प्रकार नहीं है।

(क) अनौपचारिक पत्र
(ख) सरकारी पत्र
(ग) कार्यालय ज्ञापन
(घ) परिपत्र

18. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही वाक्य और गलत वाक्य चुनकर लिखिए : 1x3 = 3

(i)प्रतिवेदन में काल्पनिकता का होना आवश्यक है। सही/गलत

(ii)नेमी टिप्पण भी टिप्पण का एक प्रकार है। सही/गलत

(iii)प्रारूपण नोट शीट पर लिखा जाता है। सही/गलत

(Iv)कार्यालय आदेश की भाषा में अन्य पुरुष का प्रयोग किया जाता है। सही/गलत

(v) एक कर्मचारी की पदोन्नति को परिपत्र द्वारा सूचित किया जाता है। सही/गलत

19. कविता आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पांच के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए : 1 x 5 = 5

(i) 'परशुराम के उपदेश' पाठ में 'सुख की तरंग' से क्या संकेत है?
(ii)'परशुराम के उपदेश' पाठ में' शोणित' शब्द का क्या अर्थहै?
(iii)'मुझे कदम-कदम पर'कविता किस कविता-संग्रह से ली गई है?
(iv)'मुझे कदम-कदम पर'कविता में'चौराहा'शब्द किस का प्रतीक है?
(v)कुटज पाठ में लेखक को शिवालिक की पहाड़ियों में क्या दिखाई देता है?
(vi) पुलकि शरीर सभां भये ठाढ़े।
नीरज नयन नेह-जल बाढ़े ॥'

इस दोहे की भाषा कौन-सी है?

(i) रहिमन मोहिं न सुहाय, अमी पियावै मान बिनु।

बरु विष देय बुलाय,मान सहित मरिबो भलो॥

इसमें कौन-सा छंद है?

20. निम्नलिखित अनुच्छेद से दिए गए किन्हीं छह प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प चुन कर लिखिए: 1x6 = 6

जीवन में देह है,जीवन में आत्मा है। देह है नाशशील और आत्मा शाश्वत।तो आत्मा को हिलना-झुकना नहीं है और देह को निरंतर हिलना-झुकना ही है। नहीं तो हम हो जाएंगे रामलीला के रावण की तरह जो बांस की खपच्चियों पर खड़ा रहता है–न हिलता है न झुकता है। हमारे विचार लचीले हों, परिस्थितियों के साथ वे समन्वय साधते चलें, पर हमारे आदर्श स्थिर हों।

(i)यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(क) एक था पेड़ और एक था ठूँठ (ख) दो कलाकार(ग) कुटज (घ) अनुराधा

(ii)इस पाठ के लेखक हैं–

(क)हरिशंकर परसाई(ख)राजेन्द्र यादव(ग)हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ)कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर'

(iii) 'समन्वय' शब्द का सही पर्याय है–

(क) निर्भर (ख) परावलम्बी (ग) ताल-मेल (घ) निकट

(iv)इस अनुच्छेद का मुख्य संदेश है–

(क) परोपकारी होना (ख) समन्यवादी होना(ग) अवसरवादी होना(घ)आध्यात्मिक होना

(v) यहाँ 'शाश्वत' शब्द का उपयुक्त अर्थ है–

(क) चिरस्थायी (ख) नश्वर (ग) आसान (घ) मरणशील

(vi) इस पद्यांश में किस प्रकार की शैली है?

(क) विवरणात्मक (ख) व्यंग्यात्मक (ग) चिंतन प्रधान (घ) हास्य प्रधान

(vii) तो न हिलना, न झुकना किसका प्रतीक है?

(क) जीवन की स्थिरता का (ख) चंचलता का (ग) परिश्रम का (घ) आराम का

(viii) इस पद्यांश के अनुसार असत्य है –

(क) विचार लचीले हों (ख) परिस्थितियों से तालमेल (ग) अवसर का लाभ (घ) आदर्श की स्थिरता।

21.निम्नलिखित व्याकरण संबंधी प्रश्न में से किन्हीं दस के उपयुक्त उत्तर लिखिए : 1x10 = 10

(i) भारतीय आर्य भाषा परिवार के अंतर्गत पश्चिमी हिंदी में शामिल एक भाषा का नाम लिखिए।

(ii) 'जिसकी आशा न की गई हो' के लिए एक शब्द क्या होगा।

(ii) 'राकेश' शब्द में संधि का भेद लिखिए।

(iv) ‘यह वही भारत देश है जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था’ संरचना की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा प्रकारहै?

(v) ‘मैं सादर सहित नमस्कार करता हूँ’ -इस वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए |

(vi) ‘थोड़ा’ शब्द क्रिया विशेषण के कौन से भेद के अंतर्गत है।

(vii) ‘मैं कलम से लिखता हूँ’– इस वाक्य में कौन-सा कारक है।

(viii) ‘मिट्टी का माधो’ मुहावरे का उपयुक्त अर्थ क्या है?

(ix)‘अधजल गगरी छलकत जाए’ का उपयुक्त अर्थ क्याहै?

(x)‘उद्धार’शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(xi) ‘चन्द्र’ शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |

(xii) ‘प्रतिदिन’ शब्द में कौन-सा समास है?

(xiii)’अग्नि’ शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |

(xiv)’आधुनिक’ और ‘आविर्भाव’ का विलोम शब्द लिखिए |

(xv)‘अवश्य होने वाला’ के लिए एक शब्द क्या होगा|

दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

22.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

‘कनक-कनक ते सौगुनी, मादकता अधिकाय’ | 4 (1+2+1)
वा खाए बौरात है, या पायें बौराय ||’

(क) इस कविता के कवि और काल खण्ड का नाम लिखिए |

(ख) इस कविता का मूल संदेश क्या है? उल्लेख कीजिए |

(ग) इसमें ‘कनक-कनक’ में कौन सा अलंकार है?

23. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 (2+2)

(क) ‘मुक्ता प्रसव कि संबुक काली’ कह कर भरत क्या प्रमाणित करना चाहते हैं?

(ख) ‘देखा मुझे उस दृष्टि से, जो मार खा रोयी नहीं।‘ इस पंक्ति से किस ओर संकेत किया गया है?

24. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5 (1+2+2)

'कुटज अपने मन पर सवारी करता है, मन को अपने पर सवार नहीं होने देता। मनस्वी मित्र, तुम धन्य हो।'

(क) यह अंश किस पाठ से लिया गया है और उसके लेखक कौन हैं?

(ख) इसमें लेखक क्या संदेश देना चाहता है? वर्णन कीजिए |

(ग) अपने जीवन में आपने कठिन परिस्थिति का सामना कैसे किया? एक उदाहरण देकर प्रस्तुत कीजिए|

25. निम्न प्रश्नों के उत्तर 80 – 100 शब्दों में लिखिए : 6 (3+3)

(क) कुटज की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जिन्हें आप महत्वपूर्ण मानते हैं।

अथवा

'दो कलाकार' कहानी में आधुनिक भारतीय समाज का चित्रण किस रूप में हुआ है? वर्णन कीजिए।

(क) अरुणा और चित्रा दोनों भिन्न प्रकार के कलाकार हैं। आप दोनों में श्रेष्ठ किसे मानते हैं और क्यों?

अथवा

'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' की भाषा क्या व्यंग्य विधा के अनुरूप है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

26. निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः

भारत जिस तीव्रता से औद्योगिक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है उसे देखकर सहज ही कहा जा सकता है कि इक्कीसवीं सदी भारत की होगी। आज संपूर्ण विश्व की निगाहें भारत पर टिकी हैं। प्रौद्योगिक तकनीक का ही तीव्रता से विकास हो रहा है। एक ओर विदेशी उपक्रमों के माध्यम से तकनीक यहाँ आ रही है तो दूसरी ओर भारतीय उपक्रमों द्वारा विदेशी उद्योगों को खरीदने, विदेशों में नए उपक्रम लगाने से विश्व बाजार में हमारी धमाकेदार प्रविष्टियाँ हो रही हैं। वे दिन लद गए जब भारतीय बाजार विदेशी माल को श्रद्धा से देखता था। आम भारतीय माल ने, भारतीय तकनीक ने और भारतीय मानव संसाधनों ने विश्व को हमारी क्षमता का एहसास दिला दिया है। इस तीव्र प्रतियोगिता के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था इसीलिए सुदृढ़ होती जा रही है। 1x 4 = 4

(क) भारत किस क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है?

(ख) भारत की प्रगति को देखकर आज क्या कहा जा सकता है?

(ग) आज विश्व बाजार में भारत क्यों छा रहा है?

(घ) किन कारणों से विश्व को भारत की क्षमता का आभास हो रहा है।

27. आपने कभी न कभी जबरदस्त भूकंप का झटका महसूस किया होगा। सभी घर से बाहर निकल जाते हैं। अपने अनुभवों को लगभग 40-50 शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए। 2

28. निम्नलिखित में से किसी एक का भाव पल्लवन कीजिए: 3

(क) चार दिन की चाँदनी फिर अँधियारी रात

(ख) नया नौ दिन पुराना सौ दिन

29. प्रतिवेदन के प्रयोजन को स्पष्ट कीजिए तथा दिल्ली में कारोबारियों के विरोध की वजह से दिल्ली बंद के कारण उत्पन्न स्थिति पर प्रतिवेदन लिखिए जिसमें सड़कों पर जाम, वाहनों में आग लगाने की घटनाओं, पुलिस लाठी चार्ज तथा कारोबारियों के व्यापार में लाखों रुपयों की हानि का उल्लेख हो। 4

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश का एक-तिहाई शब्दों में सार लिखिए तथा उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए:

समाज में जनसंख्या वृद्धि की अपेक्षा बालक-बालिका के अनुपात का असंतुलन चिंता का विषय है। आँकड़े रहस्य उद्घाटन करते हैं कि कई राज्यों में बालक-बालिका का अनुपात 1000 बालक तथा 927 बालिका हैं। समाज में सुख-शांति और संपन्नता की आधार शिला हमारे परिवार हैं। परिवार दादा-दादी, माता-पिता, भाई-बहन, बेटा-बेटी आदि के संतुलन से सदाबहार और सुसंस्कृत रहता है। पारिवारिक पतझर को भले ही समाज सहन कर ले किंतु काम-वासना के कारण बढ़ते अपराधों से समाज और संस्कृति के मुख पर कलई पुत जाएगी। हमारे समाज में इन अपराधों की संख्या बढ़ रही है। इस अपराध का शिकार प्रायः बालिकाएँ हैं। माता-पिता बालिका की भ्रूण हत्याओं में रुचि लेते हैं। कन्या की भ्रूण हत्या का विचार ही इस असंतुलन का कारण बताया जाता है। एक ओर बालक की चाह दूसरी ओर बालिका की हत्या और विचारों में परिवर्तन अपेक्षित है। अन्यथा प्रौद्योगिकी और सूचना क्रांति के युग में समाज अंधकार के गर्त में समा जाएगा। बालिका के प्रति वात्सल्य की सर्वाधिक आवश्यकता है।

30. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 300 शब्दों का निबंध लिखिए: 8

क. सर्वशिक्षा अभियान और बालिका शिक्षा

ख. भारत में बढ़ती जनसंख्या सिकुड़ते साधन

ग. मेरी प्रिय कहानी

घ. पर्यावरण और स्वास्थ्य

31. एक विद्यालय के प्राप्तांक विवरण के साथ विद्यार्थियों का ग्रेड विभाजन किया जा रहा है। इसे पाई चार्ट द्वारा प्रदर्शित कीजिए। 4

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | 30% | उ | 8% |
| आ | 20% | ऊ | 7% |
| इ | 15% | ए | 5% |

ई 10% ऐ 5%

## भाग -2

### वैकल्पिक – 'क'

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

32. संचार माध्यमों का उद्देश्य नहीं है - 1

(क) सूचना पहुंचाना

(ख) प्रस्तुतीकरण करना

(ग) मनोरंजन

(घ) शिक्षा

33. संचार माध्यम का प्रकार नहीं है- 1

(क) मुद्रित माध्यम

(ख) अमुद्रित माध्यम

(ग) श्रव्य माध्यम

(घ) श्रव्य-दृश्य माध्यम

34. निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है। 1

(क) इंटरनेट का इस्तेमाल सहज नहीं है

(ख) इंटरनेट द्वारा सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान

(ग) मोबाइल फोन से इंटरनेट का इस्तेमाल संभव

इंटरनेट पर गाना सुनना संभव

35. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : 1x3 = 3

(i) लोकतंत्र का चौथा स्तंभ किसे कहा जाता है?

(ii) रेडियो की 'विविध भारती' सेवा मुख्य रूप से किस प्रकार की सेवा है?

(iii) सूचना प्रोद्योगिकी के दो इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के नाम लिखिए।

36. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : 1x3 = 3

(i) पहली बार ओलंपिक खेलों का प्रसारण उपग्रह के माध्यम से कब किया गया ?

(ii) पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों को स्थापित करने के लिए कितने किलो मीटर की ऊँचाई उपयुक्त मानी गयी है?

(iii) सेल्यूलर फ़ोन का संचालन किसके द्वारा होता है?

37. समाचार संकलन की कौन-कौन से प्रक्रियाएं हैं? किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए। 1+2 = 3

38. ''समाचार पत्रों में प्रयोग की जाने वाली वर्तनी में एकरूपता होनी चाहिए।'' कथन से क्या तात्पर्य है? इसे किस प्रकार सुरक्षित रखा जा सकता है। 1+2 = 3

**वैकल्पिक – ख**

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

32. सूर्य सिद्धांत' का प्रतिपादन किसने किया था? 1

(क) ब्रह्मगुप्त
(ख) वराहमिहिर
(ग) आर्यभट्ट
(घ) भास्कराचार्य

33. वैदिक कालीन भारतीय कितने अंकों तक की गणना कर सकते थे? 1

(क) $10^{14}$

(ख) $10^{8}$

(ग) $10^{12}$

(घ) $10^{4}$

34. कंप्यूटर की विशेषता है इसकी 1

(क) कार्य करने की तीव्रता
(ख) मानव बुद्धि की कमी
(ग) लंबे समय तक गणना करने पर अशुद्ध गणना
(घ) स्मरण शक्ति का अभाव

35. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : 1x3 = 3

(i) भारतीय चिकित्सा विज्ञान के बारे में सबसे पहला प्रमाण कहाँ मिलता है?

(ii) भारत ने परम 10,000 का विकास कब किया है

(iii) डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम का मुख्य कार्य क्या होता है?

36. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : 1x3 = 3

(i) कम्प्यूटर की खोज सबसे पहले किसने की?

(ii) भारत में कंप्यूटर के विकास की शुरुआत कब हुई?

(iii) भारत '10,000 परम' को सुपर कंप्यूटर कहा गया I इसकी स्मृति भंडारणकी क्षमता कितनी है

37. जनसंख्या-वृद्धि के कारण हमारे देश में कौन-कौन-सी समस्याएँ उत्पन्न हो रही है? किन्हीं तीन का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए।

38. ''विज्ञान की भाषा, साहित्यिक-भाषा और सामान्य भाषा से भिन्न होती है।'' - इस कथन के परिप्रेक्ष्य में विज्ञान की भाषा की तीन विशेषताओं पर उदाहरण देते हुए प्रकाश डालिए।

**अंक योजना**

हिंदी (301) प्राचीन पाठ्यक्रम

| प्रश्न संख्या | प्रत्येक चरण के लिए अपेक्षित अंक योजना | अंकों का वितरण | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 1. | ख | 1 | 1 |
| 2. | घ | 1 | 1 |
| 3. | ग | 1 | 1 |
| 4. | ग | 1 | 1 |
| 5. | घ | 1 | 1 |
| 6. | क | 1 | 1 |
| 7. | घ | 1 | 1 |
| 8. | ग | 1 | 1 |
| 9. | ग | 1 | 1 |
| 10. | ख | 1 | 1 |
| 11. | ग | 1 | 1 |
| 12. | क | 1 | 1 |
| 13. | ख | 1 | 1 |
| 14. | घ | 1 | 1 |
| 15. | ग | 1 | 1 |
| 16. | ग | 1 | 1 |
| 17. | क | 1 | 1 |
| 18. | i. गलत<br>ii. सही<br>iii. गलत<br>iv. सही<br>v. गलत<br>(कोई तीन) | 1 x 3 | 3 |
| 19. | i. ऐशो आराम की जिंदगी<br>ii. खून<br>iii. चाँद का मुँह टेढ़ा है<br>iv. विकल्पों की अधिकता<br>v. ठिगने शानदार वृक्ष<br>vi. अवधी<br>vii. सोरठा<br>(कोई पांच) | 1 x 5 | 5 |
| 20. | i. (क) | 1 x 6 | 6 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ii. (घ)<br>iii. (ग)<br>iv. (ख)<br>v. (क)<br>vi. (ग)<br>vii. (क)<br>viii. (ग)<br>(कोई छह) | | |
| 21. | i. कन्नौजी<br>ii. अप्रत्याशित<br>iii. गुण संधि<br>iv. मिश्र वाक्य<br>v. मैं सादर नमस्कार करता हूँ।<br>vi. परिमाणवाचक<br>vii. करण कारक<br>viii. बहुत मूर्ख<br>ix. ओछा व्यक्ति बहुत घमंड करता है।<br>x. उत<br>xi. सुधांशु, शशि आदि<br>xii. अव्ययीभाव<br>xiii. आग, अनल आदि<br>xiv. प्राचीन, तिरोभाव<br>xv. अवश्यंभावी<br>(कोई दस) | 1 x 10 | 10 |
| 22. | मूल्यांकन बिंदु<br>(क) बिहारी, कालखण्ड : रीतिकाल<br>(ख) इस दोहे में कवि यह संदेश देना चाहता है कि धन का नशा अन्य सभी प्रकार के नशे से अधिक खतरनाक होता है। मादक पदार्थों का नशा तो कुछ समय बाद उतर जाता है लेकिन धन का नशा नहीं उतरता है।<br>(ग) कनक – कनक में यमक अलंकार है। | (1+2+1) | 4 |
| 23. | (क) 'मुकता प्रसव कि संबुक काली' कहकर भरत यह प्रमाणित करना चाहते हैं कि जिस प्रकार काली घोंघी से मोती उत्पन्न नहीं तो सकता उसी प्रकार नीच माता का कोख से मैं | (2+2) | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सदाचारी और साधु कैसे जन्म ले सकता हूँ। अर्थात मैं अपने को सदाचारी और सज्जन नहीं कह सकता हूँ ।<br>(ख) ' देखा मुझे उस दृष्टि से जो मार खा रोई नहीं' ---- में इस तथ्य की ओर संकेत किया गया है कि मज़दूरनी ऐसी दृष्टि से देख रही थी जिसमें दीनता का भाव नहीं था। <u>यदि्द्प</u> उसने <u>जीवन</u> में आतंक को सहा था। | | |
| 24. | (क) पाठ का नाम : कुटज<br>(ख) कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी जीते हुए हार नहीं मानना चाहिए। स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता से साथ जीवन जीने का संदेश लेखक देना चाहता था।<br>(ग) किसी उपयुक्त परिस्थिति का उल्लेख। | 1+2+1 | 4 |
| 25. | (क) 'कुटज' की तीन विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :-<br>(i) राग द्वेष से दूर (ii) जिजीविषा (iii) कामनाओं से मुक्त<br>(इसी प्रकार की कोई तीन विशेषताएं)<br>अथवा<br>'दो कलाकार' कहानी में अरुणा और चित्रा दो स्त्री चरित्रों के माध्यम से समाज में दो प्रकार के विचारों को दिखाया गया है। अरुणा समाज सेवा का कार्य करती है और चित्रा चित्रकारी करती है। दोनों की भूमिका में आधुनिक भारतीय समाज के दर्शन होते हैं।<br>(ख) अरुणा का चरित्र श्रेष्ठ है इसलिए कि वह भिखारिन के मर जाने के बाद उसके दोनों बच्चों को पाल-पोस कर बड़ा करती है। उसका कार्य वास्तविक है। इसी प्रकार चित्रा के कार्य को भी तर्कपूर्ण ढंग से श्रेष्ठ सिद्ध किया जा सकता है।<br>अथवा<br>'पीढ़ियां और गिट्टियां' की भाषा व्यंग्य विधा के अनुरूप है। उदाहरण<br>वे लाठी टेकते हुए सड़क पर चलते। मोटा चश्मा लगाकर चाँद देखते, निमोनिया की दवा जेब में रखकर बगीचे में घूमते।<br>भोजन से अधिक मात्रा में पाचन चूर्ण खाते।<br>इस प्रकार का कोई उदाहरण। | (3+3) | 6 |
| 26. | (क) भारत उद्योग के क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है।<br>(ख) भारत की प्रगति को देख कर कहा जा सकता है कि इक्कीसवीं सदी भारत की होगी।<br>(ग) प्रौद्योगिक तकनीक के विकास, विदेशी उद्योगों को खरीदने और विदेशों में नए उपक्रम लगाने से भारत के विश्व बाज़ार में छा रहा है। | 1x 4 | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (घ) भारतीय माल, भारतीय तकनीक और भारतीय मानव संसाधन से विश्व को भारत की क्षमता का आभास हो रहा है। | | |
| **27.** | विषय प्रतिपादन | | 2 |
| | अभिव्यक्ति | | |
| | भाव पल्लवन - भाव का परिचय, पल्लवन बिंदु | | |
| 28. | स्पष्टीकरण प्रतिवेदन लेखन | | |
| | अथवा | | 3 |
| | सार लेखन | | |
| 29. | • संपूर्णता का गठन | | |
| | • एक तिहाई शब्दों में सार्थक सार कथन | | |
| | • भाषा शुद्धता | | 4 |
| 30. | • उपयुक्त शीर्षक चयन | | |
| | निबंध लेखन | | |
| | • प्रस्तावना/भूमिका | | |
| | • विषयवस्तुकाप्रतिपादन | | |
| | • उपसंहार | | 8 |
| 31. | • समग्रप्रभाव | | |
| | • भाषाशुद्धता | | |
| | (कम-से-कम चार बिंदुओं का उल्लेख) | | |
| | प्रत्येक चरण के लिए | | |
| | उपयुक्त समग्र प्रस्तुति | | 4 |
| 32. | | | |
| | वैकल्पिक भाग | | |
| 33. | | | |
| 34. | **वैकल्पिक – क** | | |
| 35. | ख | | 1 |
| | ख | | 1 |
| | क | | 1 |
| 36. | | | |
| | i. मीडिया | 1x3 | 3 |
| | ii. विज्ञापन प्रसारण की | | |
| | iii. उपग्रह, कंप्यूटर आदि | | |
| 37. | | | |
| | i. 1964 | 1x3 | 3 |
| | ii. 35,700 | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **38.** | iii. उपग्रह<br><br>समाचार संकलन की प्रमुख प्रक्रियाएं :<br>(i) संवाददाता (ii) संवाददाता सम्मेलन (iii) समाचार ब्यूरो (iv) समाचार एजेंसियां आदि<br>अथवा<br><br>वर्तनी की एकरूपता आवश्यक है तभी प्रामाणिकता होगी और द्विविधा भी नहीं रहेगी। इसका हल समाचार पत्रों को अपने स्तर पर करना होगा। उच्चरित और लिखित – दोनों रूपों पर विचार करना जरूरी है। | 1+2<br><br>1+2 | 3<br><br>3 |
| <br>**32.**<br>**33.**<br>**34.**<br>**35.** | **वैकल्पिक – ख**<br>ख<br>ख<br>क<br>i. अथर्ववेद<br>ii. 1998<br>iii. एक प्रयोक्ता का कंप्यूटर सिस्टम से संबंध जोड़ना<br>(कोई तीन) | <br><br><br><br>1x3 | <br>1<br>1<br>1<br>3 |
| **36.** | i. ब्लेन पास्कल<br>ii. 1965<br>iii. 52 मेगा बाइट<br>(कोई तीन) | 1x3 | 3 |
| **37.** | (i) पारितंत्रीय (ii) पर्यावरण प्रदूषण (iii) ओजोन परत में छेद की आशंका (iv) कृषि योग्य भूमि की कमी आदि | | 3 |
| **38.** | सुनिश्चित, स्पष्ट , सुबोध, सरल, सहज, वैज्ञानिक शब्दावली का प्रयोग आदि। | | 3 |